# यूपीईएस के 1600 से अधिक स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान




रक्तदान अभियान को लेकर उत्साहित छात्र-छात्राएं।

**यूपीईएस के वार्षिक रक्तदान अभियान का समापन**

**देहरादून (एसएनबी)।** यूपीईएस विश्वविद्यालय के वार्षिक रक्तदान अभियान का समापन हो गया। अभियान के दौरान यूपीईएस के 1600 से अधिक स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया। साथ ही आम जन को भी रक्तदान के प्रति जागरूक किया।

यूपीईएस के छात्र कल्याण विभाग (डीएसडब्ल्यू) और सीएसआर की पहल पर आईएमए ब्लड बैंक, महंत इन्दिरेश अस्पताल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय अभियान में जीवन बचाने के उद्देश्य से छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ सहभागिता की। इस दौरान एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए 1600 से अधिक स्वयंसेवकों के साथ आम जन ने रक्तदान किया। विवि ने रक्तदान शिविर को सामाजिक जिम्मेदारी का शानदार उदाहरण बताया।